26 अप्रैल, 2002 को एक पक्की सूचना मिलने पर राष्ट्रीय राइफल की एक टुकड़ी ने जम्मू- कश्मीर के चाकपाथ में घने जंगल तथा पहाड़ी क्षेत्र में आतंकवादियों के छिपने के ठिकाने पर छापा मारने की योजना बनाई । नायक तरलोक सिंह को आंतरिक घेरे के तहत स्टाप लगाने का दायित्व सौंपा गया था । आंतरिक घेरा बनाया ही गया था कि आतंकवादियों ने अपने लिए खतरा महसूस किया और घेराबंदी तोड़ने का प्रयास किया ।

नायक तरलोक सिंह शुरू में ही एक आतंकवादी की बगल में पहुंच गए और उसे मार गिराया । अपनी टुकड़ी की कमान और नियंत्रण पुनः संभालते हुए इन्होंने घेराबंदी को तोड़ने के इरादे से तीन आतंकवादियों को अपनी टुकड़ी पर धावा बोलते हुए देखा । अपने साथियों के लिए खतरा भांपते हुए नायक तरलोक सिंह आगे बढ़े और आतंकवादियों की ओर से की जा रही गोलियों की बौछार के सामने आ गए । इन्होंने केवल 15-20 मीटर की दूरी से बहुत ही गहन गोलीबारी द्वारा तीनों आतंकवादियों को मार गिराया ।

नायक तरलोक सिंह द्वारा प्रदर्शित इस साहसिक कार्रवाई से इनके साथी सैनिकों ने प्रेरित होकर शेष पांचों आतंकवादियों को मार गिराया । इस पूरे ऑपरेशन में कुल नौ आतंकवादी मारे गए ।

इस प्रकार, नायक तरलोक सिंह ने आतंकवादियों से लड़ने में व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए असाधारण वीरता, अदम्य साहस और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया ।

3. **कमांडो सुरजन सिंह, एन एस जी**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 25 सितंबर, 2002)

24 सितंबर, 2002 के दिन दो सशस्त्र आतंकवादी गुजरात में गांधीनगर स्थित अक्षरधाम स्वामी नारायण मंदिर में घुस आए और अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे । इन आतंकवादियों ने 30 लोगों को मार डाला और मंदिर परिसर में उपस्थित 100 से भी अधिक व्यक्तियों को घायल कर दिया ।

इस स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का विशेष कार्य बल विमान से भेजा गया था । कार्य बल ने मुख्य मंदिर परिसर के बाहर आतंकवादियों का पता लगा लिया । आतंकवादी घने अंधेरे और सघन आड़ में छुपे हुए थे, जबकि राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड के कार्मिकों को आसानी से देखा जा सकता था तथा उन पर गोली चलाई जा रही थी । सैनिकों को आगे बढ़ने तथा आतंकवादियों को निष्क्रिय करने के लिए उन्हें दबाए रखा जाना आवश्यक था । कमांडो सुरजन सिंह ने स्वेच्छा से स्काउट के रूप में अपने स्क्वाड्रन कमांडर से आगे चलने की इच्छा व्यक्त की। गोलियों की बौछारों के बीच ये एक कम उँची दीवार के पीछे से रेंगते हुए आगे बढ़कर । आतंकवादियों पर अचूक गोलीबारी करने लगे तथा स्क्वाड नं.3 की आगे बढ़ने में मदद की ।

रेंगते हुए आतंकवादियों के निकट पहुंचकर इन्होंने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी । आतंकवादियों ने जबाव में भारी गोलीबारी शुरू कर दी । इस कार्रवाई में इनका चेहरा छर्रों से घायल हो गया । कमांडर को आड़ देने के लिए इन्होंने छलांग लगाई तथा अपने शरीर से उनको ढक लिया । इस प्रक्रिया में ये छर्रों से घायल हो गए । अपने जख्मों के बावजूद, कमांडो सुरजन सिंह आतंकवादियों पर गोलीबारी करते रहे तथा हथगोले फेंकते रहे और वहां से हटाए जाने से इनकार कर दिया । तभी इन्होंने एक आतंकवादी के हथियार की चमक देखी । जैसे ही इन्होंने अपनी कारबाइन से गोलियों की बौछार की आतंकवादियों ने उन पर गोली चला दी जिससे छर्रे इनकी खोपड़ी में आ लगे । यद्यपि ये नीचे गिर पड़े, तथापि मूर्छित होने से पहले इन्होंने अपने हथियार को छोड़ने से मना कर दिया ।

कमांडो सुरजन सिंह की साहसिक और निर्णायक कार्रवाई से आतंकवादियों का सफाया करने का मार्ग प्रशस्त हुआ और इस प्रकार यह ऑपरेशन सफल हुआ ।

(बरूण मित्रा)
निदेशक

संख्या 47-प्रेज़./2003 - राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिक को वीरतापूर्ण कार्यों के लिए **'शौर्य चक्र-बार'** प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं:-

आईसी-46889 मेजर सुखमीत सिंह, शौर्य चक्र
आर्टिलरी/मुख्यालय 23 सेक्टर

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 13 मार्च, 2002)

13 मार्च, 2002 को जब ब्रिगेड त्वरित कार्रवाई टुकड़ी दक्षिण-पश्चिम मणिपुर के नगोंपा में असम राइफल की एक चौकी पर लौट रही थी, तभी सोंगताल गांव के दो मकानों से आतंकवादियों ने आगे चल रहे वाहन पर भारी गोलीबारी शुरू कर दी ।

मेजर सुखमीत सिंह तुरंत ही अपने वाहन से कूद पड़े और जवाबी गोलियां चलाते हुए उस मकान की ओर झपटे । इस द्रुत जवाबी कार्रवाई से घबराकर कुछ आतंकवादी मकान के पिछले दरवाजे से निकल भागने का प्रयास करने लगे । उनमें से एक आतंकवादी ने अन्य आतंकवादियों को भागने में सहायता देने के लिए इस अफसर पर ग्रेनेड फेंकने के लिए रूका किंतु मेजर सुखमीत सिंह दृढ़तापूर्ण आगे झपटे और उस आतंकवादी को दबोच लिया तथा खाली हाथों से लड़ते हुए बिना हिचके उसे मार गिराया ।

इस दौरान एक आतंकवादी मकान के अंदर से लगातार गोलीबारी कर रहा था । मेजर सुखमीत सिंह तेजी से मकान में घुस गए और अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना कमरे के दरवाजे को ठोकर मारकर खोल दिया । इस आतंकवादी ने इन पर गोली चलाने का प्रयास किया, किंतु वह ऐसा कर पाता इससे पहले ही, मेजर सुखमीत सिंह ने तुरंत बहुत नजदीक से गोली चलाकर उसे मार डाला और सभी प्रतिरोध समाप्त कर दिए ।

मेजर सुखमीत सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते समय अपनी सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए दायित्वों से बढ़कर अति उच्च कोटि की पहलशक्ति और वीरता का प्रदर्शन किया ।

वरुण मित्रा

(बरूण मित्रा)
निदेशक

संख्या 48-प्रेज़./2003 - राष्ट्रपति निम्नलिखित कार्मिकों को उनके वीरतापूर्ण कार्यों के लिए **'शौर्य चक्र'** प्रदान किए जाने का अनुमोदन करते हैं:-

1. **जीएस-164509 एच लीडिंग हैंड (नर्सिंग) महेश पाल, बीआरडीबी (मरणोपरांत)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 14 जनवरी, 2002)

लीडिंग हैंड (नर्सिंग) महेश पाल को जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा पर अत्यंत ऊंचे और बर्फ से ढके दूर-दराज के आंतकवादी बहुल क्षेत्र में रागिनी-उस्ताद सड़क पर जटिल फार्मेशन कटिंग कार्य तथा बर्फ हटाने की कार्रवाई के दौरान चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए विशेष रूप से चुना गया था ।

लीडिंग हैंड (नर्सिंग) महेश पाल अकेले ही कई शिफ्टों में कार्य करते हुए अत्यधिक खराब मौसम तथा शून्य से नीचे तापमान में ऊबड़-खाबड़ तथा अत्यंत ऊंचे पहाड़ी क्षेत्र में जटिल फार्मेशन कटिंग कार्य और बर्फ साफ करने की कार्रवाई के लिए विभिन्न शिफ्टों में कार्यरत कार्मिकों को विशेष चिकित्सा सहायता प्रदान करते रहे । 14 जनवरी, 2002 को जब वे अपने साथियों को चिकित्सा सहायता प्रदान कर रहे थे तो एक शिविर में ठहरा हुआ रागिनी डिटैचमेंट हिमस्खलन की चपेट में आ गया और पूरी टुकड़ी बर्फ के भारी ढेर में दब गई। लीडिंग हैंड (नर्सिंग) महेश पाल ने अनुकरणीय साहस का प्रदर्शन करते हुए बचाव कार्रवाई का नेतृत्व किया । अपने साथियों को बचाते समय वे स्वयं ही गले तक गहरी बर्फ में धंस गए । अपने प्राण बचाने के लिए जूझते हुए भी उन्होंने जी आर ई एफ के चार कार्मिकों को हिमस्खलन से बाहर निकालकर उनकी जान बचा ली। इस दौरान दायित्व पूरा करते हुए अतत: वे स्वयं ही बर्फ में धंस गए और वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस प्रकार, लीडिंग हैंड (नर्सिंग) महेश पाल ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए निष्ठा तथा समर्पण भाव से कार्य किया तथा साथी कामगारों की जान बचाने में अपना जीवन बलिदान कर दिया ।

2. **3388197 हवलदार गुरचरण सिंह**
3 सिख

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 29 जनवरी, 2002)

हवलदार गुरचरण सिंह उस तलाशी दल के कमांडर थे जिसकी 29 जनवरी, 2002 को 1800 बजे जिला रजौरी, जम्मू-कश्मीर के जनरल एरिया मियारी में नियंत्रण रेखा के निकट धुसपैठ कर रहे विदेशी आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई ।

हवलदार गुरचरण सिंह ने देखा कि एक आतंकवादी अपने छुपने के स्थान से निकल कर इनकी टुकड़ी पर भारी तथा अंधाधुंध गोलियां बरसा रहा है । यह देखकर कि इसके कारण आपरेशन में बाधा आ गई है तथा अपने सैनिक फंस गए हैं इन्होंने आतंकवादी की गोलीबारी के बीच उस पर धावा बोल दिया और बहुत ही निकट जाकर उसका सफाया कर दिया ।

अगले दिन 0400 बजे दो आतंकवादियों ने हताशा में भागने का प्रयास करते हुए पिका से गोलीबारी की और हथगोले फेंके जिसके परिणामस्वरूप हमारा एक सैनिक हताहत हो गया और नीचे लुढ़कते हुए आतंकवादियों के अत्यंत निकट पहुंच गया। हवलदार गुरचरण सिंह हताहत सैनिक को गंभीर खतरा भांपते हुए व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए दुर्लभ साहस और सहयोगी भावना का परिचय देते हुए आड़ से बाहर निकलकर एक आतंकवादी पर पूरी मैगजीन खाली कर दी । उसके बाद ये तीसरे आतंकवादी पर झपटे और संगीन से उसका गला काट दिया । इनकी इस साहसपूर्ण कार्रवाई से आतंकवादियों के छक्के छूट गए और यह ऑपरेशन सफल हुआ ।

हवलदार गुरचरण सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी के समक्ष अडिग साहस तथा उच्च कोटि की वीरता का परिचय दिया ।

3. **आईसी-50715 मेजर डी सेशासाई मूर्ति, एसएम**
7 जाट

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 फरवरी, 2002)

14 फरवरी, 2002 को 2230 बजे जम्मू-कश्मीर के घराना में जब नौ आतंकवादियों की गतिविधियों का पता चला तो मेजर डी सेशासाई मूर्ति को घात लगाने का दायित्व सौंपा गया था ।

आतंकवादियों से सामना 15 फरवरी, 2002 को 0045 बजे हुआ । आतंकवादियों ने चट्टानों के बीच मोर्चा संभालकर हमारे सैनिकों पर अचूक गोलीबारी शुरू कर दी । घोर अंधेरी रात और चट्टानी भू-भाग होने के कारण आतंकवादियों को स्वाभाविक सुरक्षा मिली । मेजर डी सेशासाई मूर्ति ने उनके निकल भागने के रास्ते को बंद करने के लिए अपना स्थान बदला और आतंकवादियों को उलझाए रखा तथा उनको भागने नहीं दिया । आतंकवादियों ने हताशा में अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और एक नाले में से निकल भागने का प्रयास किया । अपने सैनिकों के

लिए खतरा भांपकर ये बाहर निकल आए और आतंकवादियों पर हमला बोलने के लिए जैसे ही एक ओर से बढ़े,

गोलीबारी की चपेट में आ गए । खुले में फंस जाने तथा आतंकवादियों की संख्या अधिक होने के बावजूद इन्होंने धैर्य के साथ मोर्चा लिया और ग्रेनेड फेंकने का प्रयास कर रहे एक आतंकवादी की खोपड़ी उड़ा दी । इससे पिका गन से गोलियां बरसा रहे दो अन्य आतंकवादी हताश होकर इन पर टूट पड़े । किंतु, मेजर डी सेशासाई मूर्ति ने अचूक गोलीबारी करके दोनों ही आतंकवादियों को मार डाला और इस प्रकार तीनों आतंकवादियों का सफाया कर दिया ।

मेजर डी सेशासाई मूर्ति ने आतंकवादियों से लड़ते हुए अति विकट परिस्थितियों में वीरता, सखाभाव, समर्पण तथा तुरतबुद्धि का प्रदर्शन किया ।

4. **3194631 सिपाही जोगिन्द्र सिंह, 7 जाट**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 15 फरवरी, 2002)

सिपाही जोगिन्द्र सिंह जम्मू-कश्मीर के धराना में घुसपैठ का प्रयास कर रहे आतंकवादियों का सफाया करने के लिए 15 फरवरी, 2002 को लगाई गई एक घात टुकड़ी में शामिल थे ।

0045 बजे घात टुकड़ी नौ आतंकवादियों के समूह पर टूट पड़ी । सिपाही जोगिन्द्र सिंह ने दो मीटर की दूरी से गोलियां बरसाकर पहले आतंकवादी को मार गिराया । शेष आतंकवादियों ने चट्टानों के बीच तत्काल मोर्चा ले लिया और आतंकवादियों तथा घात टुकड़ी के बीच गोलियों का आदान-प्रदान शुरू हो गया । आतंकवादियों की भारी गोलीबारी तथा उनके बहुत ही समीप होने के बावजूद सिपाही जोगिन्द्र सिंह अपने मोर्चे पर डटे रहे और आतंकवादियों पर लगातार गोलीबारी करते रहे । 0230 बजे जब दो आतंकवादियों ने भाग निकलने का प्रयास किया तो सिपाही जोगिन्द्र सिंह उन्हें रोकने के लिए आगे बढ़े । यह देखकर अन्य आतंकवादियों ने सिपाही जोगिन्द्र पर तुरंत ही गोलियां बरसा दीं, जिससे इनके सीने और दाहिने बाजू में गोलियां आ लगीं । घायल होने और अत्यधिक रक्त स्राव के बावजूद सिपाही जोगिन्द्र सिंह भागने का प्रयास कर रहे दो आतंकवादियों से उलझ पड़े और उन्हें नजदीक से मार गिराया ।

सिपाही जोगिन्द्र सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी के सम्मुख अदम्य साहस और दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया ।

5. **15474764 सवार माखन सिंह,**
कवचित कोर/33 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 09 अप्रैल, 2002)

सवार माखन सिंह, ब्रेवो कंपनी कमांडर की त्वरित कार्रवाई टुकड़ी के लीडिंग स्काउट थे । 09 अप्रैल, 2002 को यह दल जम्मू-कश्मीर में गुटलीबाग जंगल के घने जंगलों में तलाशी तथा विध्वंस कार्रवाई पर था ।

लगभग 0900 बजे सवार माखन सिंह एक खड़ी चट्टान पर पहुंच गए । सतर्कता से देखते हुए इन्होंने चट्टान से नीचे दो आतंकवादियों को देख लिया । आतंकवादी तत्काल गोलियां बरसाते हुए भागने लगे । यह देखकर सवार माखन सिंह सूझ-बूझ का परिचय देते हुए चट्टान से नीचे कूद पड़े तथा आतंकवादियों को भागने से रोकते हुए समीप के आतंकवादी पर टूट पड़े और उसे मार गिराया । किंतु इसी दौरान वे दूसरे आतंकवादी की गोलियों की बौछार की चपेट में आ गए, जिसके कारण इनकी गर्दन और बाजू जख्मी हो गए तथा इनकी राइफल बेकार हो गई । ये विचलित हुए बिना दूसरे आतंकवादी पर कूद पड़े, उसकी राइफल छीन ली और घमासान गुत्थम-गुत्था की लड़ाई में उसे मार डाला । बाद में, यह वीर सिपाही सुरक्षित स्थान पर ले जाते समय वीरगति को प्राप्त हो गया ।

सवार माखन सिंह ने आतंकवादियों से लड़ते समय अदम्य साहस तथा उच्च कोटि की अनुकरणीय वीरता का प्रदर्शन किया और भारतीय सेना की श्रेष्ठ परंपराओं के अनुरूप सर्वोच्च बलिदान किया ।

6. **जेसी-122445 नायब सूबेदार जगन बहादुर गुरूंग,**
12 असम राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 11 अप्रैल, 2002)

मणिपुर में खंबाचिंगजिंग के उत्तर में जनरल एरिया के कुंगु जंगल में कुछ भूमिगत तत्वों की मौजूदगी के बारे में एक विशिष्ट सूचना के आधार पर 11 अप्रैल, 2002 को 0130 बजे निगरानी चौकी स्थापित करने तथा घात लगाने के लिए एक कॉलम खड़ी करने के लिए नायब सूबेदार जगन बहादुर गुरूंग को तैनात किया गया था ।

नायब सूबेदार गुरूंग ने घोर अंधेरी रात और मूसलाधार बारिश में ऊबड़-खाबड़ भू-भाग और घने जंगलों का सबसे कठिन रास्ता चुना, जिसमें कभी-कभी सैनिकों को ऊपर चढ़ने के लिए कांटेदार झाड़ियों को पकड़ने के लिए विवश होना पड़ता था । यह टुकड़ी गंतव्य स्थल पर पहुंचने ही वाली थी कि अग्रिम स्काउट ने नायब सूबेदार गुरूंग को आगे कुछ व्यक्तियों की उपस्थिति की सूचना दी । तभी यह टुकड़ी स्वचालित हथियारों की अचूक गोलीबारी की चपेट में आ गई । नायब सूबेदार गुरूंग ने अपनी दाईं ओर कूदकर मोर्चा ले लिया । इन्होंने अपने दो साथियों को इनके दाईं ओर रेंगकर बढ़ने और भागने का मार्ग बंद करने का निर्देश दिया । इन्होंने उत्तरी दिशा में स्टाप लगाने के लिए एल एम जी-I और एल एम जी-II को बाईं ओर रेंगकर बढ़ने का निर्देश दिया । जमीन की संकरी पट्टी और झाड़-झंखाड़ के कारण सोच समझकर अचूक गोलीबारी करना जरूरी था ।

घेराबंदी कर लिए जाने पर नायब सूबेदार गुरूंग व्यक्तिगत सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए अपने साथी के साथ रेंगते हुए आगे बढ़े और दो भूमिगत तत्वों को बहुत ही निकट से मार गिराया । एक बार गोलीबारी बंद हो जाने पर उस क्षेत्र की गहन तलाशी ली गई । पांच दुर्दांत भूमिगत अपराधियों के शव बरामद हुए तथा भारी मात्रा में हथियार और गोलाबारूद भी बरामद किए गए ।

नायब सूबेदार जगन बहादुर गुरूंग ने भूमिगत तत्वों के सम्मुख वीरता तथा आक्रामक भावना का प्रदर्शन किया ।

7. **4067942 हवलदार जयपाल सिंह,**
गढ़वाल राइफल/14 आर आर (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 13 अप्रैल, 2002)

13 अप्रैल, 2002 को जम्मू-कश्मीर के ऐथमुल गांव के एक घर में छिपे आतंकवादियों के सफाए के लिए एक घेराबंदी तथा तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया था जिसमें हवलदार जयपाल सिंह कमांडिंग अफसर की त्वरित कार्रवाई टुकड़ी में शामिल थे । 1715 बजे जब घर पर घेरा डाला जा रहा था तो आतंकवादियों ने घर से निकलकर घेराबंदी टुकड़ी पर अंधाधुंध गोलियां चलाई ।

अपनी त्वरित कार्रवाई टुकड़ी के साथ स्थानापन्न कमान अफसर उस घर के पास पहुंचे तथा हवलदार जयपाल सिंह ने अपने टुकड़ी को तैनात किया । एक अफसर के साथ हवलदार जयपाल सिंह उस स्थान पर पहुंचे जहां आतंकवादी छिपे हुए थे । रात होने पर अफसर तथा हवलदार जयपाल सिंह ने आतंकवादियों की ओर रेंगना शुरू किया परंतु आतंकवादियों द्वारा फेंके गए हथगोलों से यह अफसर घायल हो गया ।

हवलदार जयपाल सिंह ने घायल अफसर को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया फिर बगल से आगे पहुंचकर आतंकवादियों पर टूट पड़े तथा दो को मौके पर मार डाला । इसी बीच एक तीसरे आतंकवादी ने हवलदार जयपाल सिंह पर हथगोले फेंके जिससे वे घायल हो गए । अपने घाव की परवाह किए बिना सुरक्षित स्थान पर ले जाए जाने तक वे आतंकवादी पर गोलीबारी करते रहे तथा बाद में घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

हवलदार जयपाल सिंह ने आतंकवादियों के साथ लड़ते हुए शौर्य, दृढ़ निश्चिय, अदम्य साहस का प्रदर्शन किया और सर्वोच्च बलिदान दिया ।

8. **आईसी-49043 मेजर एम श्री कुमार, 7 सिख**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 28 अप्रैल, 2002)

जब मेजर एम श्री कुमार पुंछ, जम्मू-कश्मीर में एक चौकी पर तैनात थे तो इन्होंने 27 अप्रैल, 2002 को 2145 बजे छह आतंकवादी घुसपैठियों के एक दल को डाबी घाटी को पार करते हुए देखा ।

इन घुसपैठिए आतंकवादियों का निरंतर पीछा करते हुए मेजर श्री कुमार ने अपनी टुकड़ी को लेकर धारगलून में घात लगाई तथा जब आतंकवादी पांच मीटर की दूरी पर थे तब वे उन पर टूट पड़े । भारी गोलीबारी के बीच शानदार सैन्य सूझ-बूझ का परिचय देते हुए इन्होंने कारगर घेराबंदी की । 28 अप्रैल, 2002 को पौ फटने पर जब इन्होंने एक आतंककवादी को स्नाइपर राइफल से गोलीबारी करते हुए देखा तो मेजर श्री कुमार व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना बाजू से रेंगते हुए आगे बढ़े तथा आतंकवादी को गोली से उड़ा दिया ।

भारी गोलीबारी के मध्य तथा आतंकवादियों द्वारा आड़ ले लेने के बावजूद शानदार तुरतबुद्धि तथा दृढ़ नेतृत्व का प्रदर्शन करते हुए मेजर श्रीकुमार बाजू से रेंगते हुए दूसरे आतंकवादी के निकट पहुंचे तथा उसे भी गोली से उड़ा दिया ।

तीसरे आतंकवादी ने जब देखा कि वह फंस गया है तो उसने अपनी यू बी जी एल का रुख मेजर एम श्री कुमार की ओर कर दिया । प्रतिकूल परिस्थिति से न घबराते हुए इन्होंने तीसरे आतंकवादी पर धावा बोल दिया तथा बिल्कुल नजदीक से उसे गोली से उड़ा दिया ।

इस प्रकार मेजर एम श्री कुमार ने आतंकवादियों से लड़ते हुए अपने सामान्य दायित्व से बढ़कर अदम्य साहस, वीरता तथा दृढ़ नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

9. **आईसी-54012 मेजर तेजिन्दर पाल सिंह सोहल, एसएम**
जम्मू-कश्मीर राइफल/3 राष्ट्रीय राइफल (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 29 अप्रैल, 2002)

जम्मू-कश्मीर में अनन्तनाग के बंदरपुर गांव में 29 अप्रैल, 2002 को तलाशी ऑपरेशन के दौरान दो आतंकवादियों ने धान के खेत से अत्यंत करीब से गोलीबारी शुरू कर दी। मेजर तेजिन्दर पाल सिंह सोहल ने गोली का जवाब देते हुए एक आतंकवादी को मार गिराया।

दूसरा आतंकवादी एक नजदीकी मकान की ओर दौड़ा । व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए मेजर सोहल ने आतंकवादी का पीछा किया तथा एकदम करीब से उस पर आक्रमण कर दिया । इस गोलीबारी में उनके कंधे में गोली आ लगी । आतंकवादी ने गोलीबारी जारी रखी तथा इस अधिकारी के पीछे आ रही सैन्य-टुकड़ी पर हथगोला फेंकने की कोशिश की । अपने सैनिकों के लिए खतरे को भांपते हुए गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मेजर सोहल ने नजदीक पहुंचकर दूसरे आतंकवादी को मार डाला । अदम्य साहस तथा शानदार नेतृत्व का प्रदर्शन का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने अपने पीछे आ रहे साथियों की जान बचाई । इस कार्रवाई के दौरान उनकी गर्दन तथा छाती गोलियों से छलनी हो गई और वे वीरगति को प्राप्त हुए ।

इस प्रकार मेजर तेजिन्दर पाल सिंह सोहल ने सामान्य दायित्वों से बढ़कर अनुकरणीय बहादुरी, अदम्य साहस तथा बेहतरीन नेतृत्व का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया ।

10.

आईसी-49545 मेजर मनप्रीत सिंह बेन्स, एसएम
9 पैरा (एसएफ)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख: 02 मई, 2002)

02 मई, 2002 को टीम कमांडर मेजर मनप्रीत सिंह बेन्स को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में बोरीवाली तथा कचेबरा के जनरल एरिया में विशेष आपरेशन चलाने का दायित्व सौंपा गया था ।

आतंकवादियों को अपने घात स्थलों से बचते हुए निकलते देख मेजर मनप्रीत सिंह बेन्स महत्वपूर्ण पहल करते हुए तथा सुव्यवस्थित आक्रामकता का परिचय देते हुए अपने दस्ते के साथ आतंकवादियों के नजदीक 50 मीटर तक पहुंच गए । दस्ते के आगे रहकर नेतृत्व करते हुए इन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी और दो आतंकवादियों को मार गिराया । शेष आतंकवादियों ने तुरंत इनके दस्ते पर गोलीबारी शुरू कर दी । यह भांपकर कि इनके सैनिक खतरे में पड़ जाएंगे मेजर मनप्रीत सिंह बेन्स आतंकवादियों पर टूट पड़े तथा उनके भाग निकलने के रास्तों को रोक दिया । अदम्य साहस तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन करते हुए इन्होंने भागते हुए आतंकवादियों का पीछा किया तथा उनको घेरते हुए फुर्ती से आगे बढ़कर बिल्कुल नजदीक से दो और आतंकवादियों को मार गिराया ।

मेजर मनप्रीत सिंह बेन्स ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में अनुकरणीय बहादुरी, उत्कृष्ट नेतृत्व तथा दृढ़ निश्चय का प्रदर्शन किया ।

11.

4476227 पैराट्रूपर सतपाल सिंह,
2 पैरा (एसएफ)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 6 मई, 2002)

06 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर के अनन्तनाग में काहुरी बाटापुर के जनरल एरिया में निगरानी एवं तलाशी ऑपरेशन के लिए सैन्य टुकड़ियों को तैनात किया गया था ।

एक निगरानी दस्ते ने लगभग 1500 बजे गांव लांग खुल के करीब जंगल में ढोकों के पास संदिग्ध हलचल देखी । गौर से देखने पर मालूम हुआ कि वहां तीन अज्ञात व्यक्ति मौजूद हैं । संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगरानी दस्ते को ढोकों के पास पहुंचने के लिए कहा गया ।

पैराट्रूपर सतपाल सिंह इस निगरानी दस्ते में शामिल थे । वह सफलतापूर्वक ढोक के करीब 20 मीटर नजदीक तक पहुंच गए । परंतु तब तक आतंकवादी चौकन्ने हो गए थे तथा वे छोटे हथियारों से घनी तथा कारगर गोलीबारी करते हुए एक ढ़ोक की तरफ दौड़ने लगे । अदम्य हिम्मत तथा उत्कृष्ट साहस का परिचय देते हुए पैराट्रूपर सतपाल सिंह आगे बढ़े तथा अचूक निशाने से ढोक की दहलीज पर ही दो आतंकवादियों को गोलियों से ढेर कर

दिया। इसी बीच तीसरा आतंकवादी उन पर गोलीबारी करते हुए ढोक से निकलकर भागा । व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह न करते हुए ये भागते आतंकवादी के पीछे दौड़े तथा अपने हथियार से धुंआधार गोलीबारी करके उसे मौके पर ही मार डाला ।

पैराट्रूपर सतपाल सिंह ने आतंकवादियों का सामना करते हुए अनुकरणीय वीरता, दृढ़ निश्चय, व्यक्तिगत बहादुरी का परिचय दिया ।

12. **13748474 हवलदार प्रीत सिंह, 15 जम्मू-कश्मीर राइफल**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 08 मई, 2002)

08 मई, 2002 को जम्मू-कश्मीर में पुंछ के तरेकन्ना में आतंकवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर हवलदार प्रीत सिंह ने उस क्षेत्र में रातभर कारगर निगरानी रखी ।

2100 बजे हैंड थर्मल इमेजर की सहायता से इन्होंने एक आतंकवादी टुकड़ी का पता लगाया । इन्होंने चुनिंदा आक्रमण क्षेत्रों में घात स्थलों को व्यवस्थित किया । जैसे ही आतंकवादी नजदीक आए, हवलदार प्रीत सिंह ने लाइट मशीनगन से गोलियों की भारी बौछार करके तीन आतंकवादियों को घातक रूप से घायल कर दिया । आतंकवादियों को बच निकलने में मदद देने के उद्देश्य से शत्रु द्वारा मोर्टार से भारी गोलीबारी के बावजूद हवलदार प्रीत सिंह ने इस क्षेत्र पर कड़ी निगरानी रखी तथा उनको बच निकलने से रोके रखा । पौ फटने पर, क्षेत्र की तलाशी के दौरान, आतंकवादियों के तीन शव, दो एके राइफलें तथा एक पिस्तौल बरामद किए गए ।

अन्य दो आतंकवादियों को भाग निकलने से रोकने के लिए हवलदार प्रीत सिंह ने निगरानी टुकड़ियों को नए स्थानों पर तैनात किया । उनकी मेहनत रंग लाई क्योंकि हैंड थर्मल इमेजर के माध्यम से बच निकलने का प्रयास कर रहे दो आतंकवादियों का पता लगा । हवलदार प्रीत सिंह रेंगकर सामरिक रूप से उपयुक्त स्थान पर पहुंचे तथा अत्यंत साहसिक गोलीबारी में दोनों आतंकवादियों को मार डाला ।

हवलदार प्रीत सिंह ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में असाधारण पहल, निःस्वार्थ हिम्मत तथा उच्च दर्जे की बहादुरी का प्रदर्शन किया ।

13. **आईसी-54121 मेजर चन्द्र शेखर शर्मा**
आर्टिलरी/16 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 5 जून, 2002)

मेजर चन्द्र शेखर शर्मा राष्ट्रीय राइफल यूनिट की चार्ली कम्पनी के कमांडर थे । 05 जून, 2002 को 0630 बजे उनके नेतृत्व वाली टुकड़ी का जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकवादियों से सामना हो गया ।

आतंकवादियों के एक दल को रोकने की कोशिश में मेजर चन्द्र शेखर शर्मा दौड़कर उनसे आगे निकल गए तथा बिल्कुल नजदीक से एक आतंकवादी को मार डाला । अन्य आतंकवादियों का पता लगाने की कोशिश में वे दो आतंकवादियों से टकरा गए जिन्होंने उन पर गोलियों की बौछार कर दी । अडिग रहते हुए मेजर शर्मा ने आड़ ले ली तथा एक जवान को आतंकवादियों पर हथगोला फेंकने का निर्देश दिया । स्थिति का फायदा उठाते हुए मेजर शर्मा ने आगे बढ़कर दोनों आतंकवादियों को उनके खतरनाक हद तक नजदीक पहुंचकर गोली से उड़ा दिया ।

इसी दौरान एक ऐसी ढोक का पता लगा जिसमें तीन और आतंकवादी मौजूद थे । मेजर शर्मा बिना और अधिक समय गंवाए ढोक पर टूट पड़े तथा कारगर गोलीबारी कर रहे दूसरे आतंकवादी को मार डाला ।

इस प्रकार मेजर चन्द्र शेखर शर्मा ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में असाधारण नेतृत्व तथा बहादुरी का प्रदर्शन किया ।

14. **2687845 ग्रेनेडियर भागीरथ करवासरा**
13 ग्रेनेडियर्स, (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 8 जून, 2002)

ग्रेनेडियर भागीरथ करवासरा असम के गांव मिलनपुर में 8 जून, 2002 को चलाए गए घेरा तथा तलाशी ऑपरेशन में शामिल थे । अचानक वहां घिरे हुए आतंकवादियों ने एक झोंपड़ी से निकलकर भागना शुरू कर दिया ।

द्रुतगति से जवाबी कार्रवाई करते हुए ग्रेनेडियर भागीरथ ने भागते हुए आतंकवादियों को ललकारा जिन्होंने जवाब में भारी स्वचालित हथियारों तथा हथगोलों से आक्रमण शुरू कर दिया । घेराबंदी टुकड़ी को गंभीर खतरे में भांपते हुए ग्रेनेडियर भागीरथ ने स्वचालित हथियारों से हो रही भारी गोलीबारी के बावजूद भागते आतंकवादियों का पीछा किया । इस कार्रवाई के दौरान उनको ठोडी तथा छाती में गोलियों के घाव लगे । खतरनाक घावों के बावजूद ग्रेनेडियर भागीरथ आतंकवादियों पर टूट पड़े तथा अपनी बगल से गोली चलाकर उनकी घेराबंदी टुकड़ी पर कारगर ढंग से गोलीबारी कर रहे एक कट्टर आतंकवादी का मार गिराया । अत्यधिक रक्तस्राव के बावजूद ग्रेनेडियर भागीरथ भाग रहे आतंकवादी का पीछा करते हुए गोली चलाते रहे और शहीद होने तक पार्टी की सुरक्षा को सुनिश्चित किया ।

उनकी इस दुस्साहसिक कार्रवाई से दूसरा आतंकवादी बौखला गया तथा हताश होकर इधर-उधर भागने लगा तथा घेराबंदी टुकड़ी द्वारा मार डाला गया । उससे एक एके-56 राइफल, गोलाबारूद तथा विस्फोटक बरामद किया गया ।

ग्रेनेडियर भागीरथ ने अदम्य दृढ़ संकल्प, फौलादी हिम्मत, दृढ़ निश्चय तथा अडिग साहस का प्रदर्शन किया तथा सर्वोच्च बलिदान दिया ।

15. **5847196 नायक मन बहादुर क्षेत्री**
9 गोरखा राइफल/32 राष्ट्रीय राइफल

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 16 जून, 2002)

नायक मन बहादुर क्षेत्री 16 जून, 2002 को जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के सोगाम जंगलों की घनी झाड़ियों में तलाशी तथा सफाया ऑपरेशन के दौरान घातक प्लाटून के सेक्शन कमांडर थे ।

नायक मन बहादुर क्षेत्री को एक ढलान में बने हुए अड्डे में आतंकवादियों के होने का संकेत मिला । इन्होंने प्लाटून कमांडर से चौथे रास्ते को घेरने के लिए कहा तथा निकल भागने के तीन रास्तों को घेरने के लिए अपने सेक्शन को तैनात किया । नायक क्षेत्री आतंकवादियों के पांच मीटर नजदीक तक पहुंच गए तथा उनमें से एक को मार डाला। इसी बीच दो और आतंकवादी बाहर निकल आए तथा उन्होंने ए.के. राइफलों और ग्रेनेड लांचर से गोलीबारी शुरू कर दी । तुरतबुद्धि का परिचय देते हुए नायक क्षेत्री ने 15 मीटर की दूरी से छिपने के अड्डे पर गोलियां चलाई जिससे दोनों आतंकवादी घायल हो गए । जब आतंकवादी दहशत में भागने लगे तो इन्होंने एक और आतंकवादी को मार डाला । दूसरा आतंकवादी एक नाले में कूद गया तथा एक बड़े पत्थर के पीछे से गोलीबारी करने लगा । नायक क्षेत्री ने अपने तीन साथियों को उन्हें आड़ प्रदान करने के लिए कहा तथा आतंकवादी पर टूट पड़े तथा उसे भी मार गिराया ।

नायक मन बहादुर क्षेत्री ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में साहस, वीरता और अनुकरणीय कनिष्ठ नेतृत्व का प्रदर्शन किया ।

16. **2485996 सिपाही रजिन्द्र कुमार**
24 पंजाब, (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 जून, 2002)

18 जून, 2002 को 1045 बजे हमारे मुखबिर द्वारा नालबाड़ी, असम के सुबानसिरी गांव के एक घर में दो आतंकवादियों के उपस्थित होने की तात्कालिक सूचना मुहैया कराई गई थी । इसके बाद एक विशिष्ट तलाशी ऑपरेशन शुरू किया गया था । जब वे लक्षित घर से 200 मीटर की दूरी पर थे दो आतंकवादी हमारी टुकड़ी पर अंधाधुंध गोली चलाते हुए घर से बाहर भागकर एक बांस के झुंड में घुस गए ।

अपने साथी के साथ सिपाही रजिन्द्र कुमार तुरंत आगे बढ़े । आतंकवादी चाय बागान की ओर जा रहे एक नाले में घुस गए । सिपाही रजिन्द्र कुमार अपने साथ के साथ उनके पीछे दौड़े तथा 600 मीटर के फासले के बावजूद आतंकवादियों को ओझल नहीं होने दिया । सिपाही रजिन्द्र कुमार ने दौड़ते हुए उन पर गोली चलाई तथा एक आतंकवादी की बाईं भुजा में घाव कर दिया । आतंकवादियों ने उन पर तथा उनके साथी पर गोलियों की जानलेवा बौछार कर दी । पूर्णतया अविचलित रहते हुए वे उनके नजदीक पहुंचने का प्रयास करते रहे । आतंकवादी चाय के

बागान के नाले में घुसकर वहां छुप गए ।

सिपाही रजिन्द्र कुमार तथा उनके साथी ने अपने टुकड़ी को मार्गदर्शन तथा दिशा-ज्ञान मुहैया कराया तथा स्वयं भी वे आतंकवादियों के पीछे लगे रहे । उनके साथ और उन पर बीस गज की दूरी से अचानक भारी स्वचालित गोलीबारी शुरू हो गई । सिपाही रजिन्द्र कुमार पीछे मुड़े और एक आतंकवादी को गोली से उड़ा दिया । दूसरा आतंकवादी दुबक गया और एक आड़ में छुप गया ।

सिपाही रजिन्द्र कुमार उस आतंकवादी की सामान्य दिशा में रेंगते हुए आगे बढ़ते रहे । आतंकवादी ने इन पर एक हथगोला फेंका जो उनसे कुछ गज की दूरी पर फटा तथा वे बाल-बाल बचे । जैसे ही यह बहादुर सिपाही सरकता हुआ झाड़ी के पीछे पहुंचा तो उनका सामना एक आतंकवादी से हो गया जिसने दस गज की दूरी से उसपर गोली चला दी । सिपाही रजिन्द्र कुमार की गर्दन की बाईं तरफ गोली लगी । अद्वितीय वीरता तथा साहस का प्रदर्शन करते हुए सिपाही रजिन्द्र कुमार ने घावों के कारण वीरगति को प्राप्त होने से पहले गोली का जवाब देते हुए आतंकवादी को गोली से उड़ा दिया ।

सिपाही रजिन्द्र कुमार ने अडिग साहस तथा शौर्य का प्रदर्शन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया ।

17. **जेसी-226894 सूबेदार फुमन सिंह**
15 सिख लाइट इन्फैंट्री (मरणोपरांत)

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 18 जून, 2002)

18 जून, 2002 को असम के डिब्रूगढ़ जिले में अछाबाम के श्रमिक निवास में दो घरों में कुछ सशस्त्र आतंकवादियों के मौजूद होने की सूचना मिली थी । सूबेदार फुमन सिंह को इन घरों में से एक को पीछे से घेरने का कार्य सौंपा गया था जिसके पिछवाड़े घनी झाड़ियां थीं तथा सामने खुले खेत थे ।

लगभग 2130 बजे घर के पीछे पहुंचने पर सूबेदार फुमन सिंह ने महसूस किया कि घर पर कड़ा सुव्यवस्थित घेरा डालकर तथा सख्त पहरा देकर ही आतंकवादियों को बच निकलने से रोका जा सकता था इसलिए घेरे को व्यवस्थित करके वे बेहतर निगरानी के लिए रेंगकर झोंपड़ी के नजदीक पहुंचे । क्योंकि दरवाजा खुला था इसलिए वे घर में प्रवेश के लिए दौड़ते हुए आगे बढ़े । इससे पहले कि वे घर के अंदर कदम रखते, घर में से स्वचालित हथियार से गोलीबारी शुरू हो गई । श्री फुमन ने गोलीबारी का जवाब देते हुए आतंकवादियों में से एक को घायल कर दिया। गोली लगने के बावजूद वे अचूक गोलीबारी करके आतंकवादियों पर दृढ़ता से आक्रमण करते रहे तथा उनको बच निकलने से रोके रखा । इस भयंकर भिड़ंत के परिणामस्वरूप दो दुर्दांत आतंकवादी मारे गए थे । तथापि, सूबेदार फुमन सिंह घावों के कारण वीरगति को प्राप्त हो गए ।

सूबेदार फुमन सिंह ने आतंकवादियों की गोलीबारी के समक्ष अडिग साहस तथा उत्कृष्ट वीरता का प्रदर्शन किया तथा अपने दायित्व के प्रति सम्पूर्ण समर्पण का परिचय देते हुए अपने जीवन का बलिदान दिया ।

18. **लेफ्टिनेंट कमांडर नटेशन साई कुमार त्रिचनापल्ली, (02903-वाई)**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 जून, 2002)

20 जून, 2002 को लगभग 1830 बजे जब लेफ्टिनेंट कमांडर नटेशन साई कुमार त्रिचनापल्ली 15 आर.आर. से सम्बद्ध उस मरीन कमांडो टुकड़ी के लीडर थे जिसे 'ऑपरेशन रक्षक-II' के दौरान जम्मू-कश्मीर में नुसु घाट तथा लहाकृषपुरा गावों के बीच के रास्ते से आतंकवादियों का सफाया करने के लिए घात लगाने के लिए तैनात किया गया था तब इन्हें आसपास के क्षेत्र में आतंकवादियों की हरकतों की सूचना मिली । इन्होंने तुरंत दो 'प्रहारों' को लामबंद किया तथा दो किलीमीटर की दूरी तय करने के लिए नौसेना टुकड़ी से दो पावर बोटों में आगे बढ़े तथा नुसु घाट निंगाली जंगल के दक्षिण-पश्चिम किनारे पर पहुंचे । बोटों से उतरने के बाद यह अफसर अपने सैनिकों के साथ घने निंगाली जंगल में से घात स्थल की ओर जाने वाले जालवान नाले के साथ-साथ आगे बढ़ने लगे । रात होने लगी थी तथा घनी झाड़ियों के कारण दिखाई देना काफी कम हो गया था । यदाकदा इस्तेमाल किए जाने वाले मुख्य मार्ग पर दोनों ओर कांटेदार तारें लगी थीं तथा रास्ते की बाईं ढलान तंग नहर में चली गई थी तथा दाईं तरफ घने जंगल फैले हुए थे ।

लगभग 2200 बजे इन्होंने रात्रि दर्शी उपकरण से बारीकी से देखते हुए पाया कि कुछ व्यक्ति इसी रास्ते पर चले आ रहे हैं तथा मरीन कमांडो टुकड़ी की ओर आगे बढ़ रहे हैं । और अधिक ध्यान से देखने पर पता लगा कि अत्याधुनिक हथियारों से लैस ये व्यक्ति आतंकवादी थे । आसन्न खतरे को भांपते हुए इस अधिकारी तथा इनके सैनिकों ने गोलीबारी शुरू कर दी तथा आतंकवादियों के साथ एक भयंकर युद्ध शुरू हो गया जिन्होंने राकेट प्रोपेल्ड ग्रेनडों तथा व्यक्तिगत हथियारों से गोलियों की बौछार कर दी । शौर्यपूर्ण कार्रवाई करते हुए इस अफसर ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बगल से गोली चलाते हुए आतंकवादियों पर टूट पड़े तथा एक दुर्दांत आतंकवादी को मार डाला और टुकड़ी के सदस्यों को हताहत होने से बचा लिया ।

लेफ्टिनेंट कमांडर नटेशन साई कुमार त्रिचनापल्ली ने आतंकवादियों से लोहा लेते हुए अदम्य साहस, अद्वितीय दृढ़निश्चय तथा अनुकरणीय वीरता का प्रदर्शन किया ।

19. **तीरथ सिंह, लीडिंग सीमैन, 116428-के**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 20 जून, 2002)

20 जून, 2002 को तीरथ सिंह, लीडिंग सीमैन को मरीन कमांडो टुकड़ी के सदस्य के रूप में जम्मू-कश्मीर में 'आपरेशन रक्षक-II' के लिए वुलर झील के पास घने जंगल में रात के दौरान आतंकवादियों पर छुपकर घात लगाने के लिए तैनात किया गया था । घात स्थल से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर कमांडो बोट से उतरे तथा घात स्थल की ओर बढ़ने लगे ।

तीरथ सिंह, लीडिंग सीमैन निंगाली जंगल, जहां कि वास्तव में कुछ भी दिखाई नहीं दे रहा था, में एक तंग रास्ते पर आगे बढ़ रहे कमांडो टुकड़ी का लीडिंग स्काउट था । इसने अंधेरे के बावजूद, टुकड़ी के आगे कुछ हलचल

भांप ली । लगभग 2200 बजे इन्होंने रात्रि दर्शी उपकरण के माध्यम से देखा कि उसी रास्ते पर कुछ व्यक्ति चले आ रहे थे तथा मरीन कमांडो टीम की ओर बढ़ रहे थे । अधिक गौर से देखने पर हथियार लिए चले आ रहे व्यक्तियों की पहचान आतंकवादियों के रूप में हुई । तीरथ सिंह ने अपनी टुकड़ी के साथियों को एकदम जमीन पर लेट जाने का संकेत किया । आतंकवादियों को भी टुकड़ी की उपस्थिति का भान हो गया था । वे तुरंत हरकत में आए तथा हैरतअंगेज़ गति का प्रदर्शन करते हुए क्षण भर में बगल से गोली चलाते हुए आतंकवादियों पर टूट पड़े। तीरथ सिंह की हैरतअंगेज़ आक्रामक गति से हैरान होकर आतंकवादियों ने लगभग 50 मीटर की दूरी से राकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड तथा वैयक्तिक हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी । तीरथ सिंह जान पर खेलकर हैरान आतंकवादियों पर टूट पड़ा तथा दो 'ग' श्रेणी के दुर्दांत आतंकवादियों को मार गिराया । इनकी उपयुक्त तथा सही समय पर कार्रवाई से टीम के सदस्य हताहत होने से बच गए ।

तीरथ सिंह, लीडिंग सीमैन ने आतंकवादियों के समक्ष अदम्य साहस, वीरता तथा अद्वितीय दृढ़ता का प्रदर्शन किया ।

20. **आईसी-61800 लेफ्टिनेंट गौरव सिंह, 4 कुमाऊं**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 01 अगस्त, 2002)

भरोसेमंद आसूचना के आधार पर जम्मू-कश्मीर में उधमपुर जिले के एरिया नख्स में 31 जुलाई, 2002 की रात को घेराबंदी तथा तलाशी ऑपरेशन की योजना बनाई गई थी ।

दुश्मन को हतप्रभ करने के लिए लेफ्टिनेंट गौरव सिंह ने काफी बड़े घेरे से जाकर दुश्मन के आगे पहुंचने के अभियान के दौरान रात में अपनी पार्टी का नेतृत्व किया । इसके लिए इन्होंने बस्तियों से सावधानीपूर्वक बचकर लगभग 3400 मीटर की ऊंचाई पर दुर्गम ऊंचाई वाले पर्वतीय प्रदेश में से रात को आठ घंटे से अधिक दुसाध्य मार्च किया । 0630 बजे इस अफसर के अधीन आगे चल रहे सैनिकों पर आतंकवादियों द्वारा गोलीबारी की गई । एक आतंकवादी गोलियों की बौछार करके एक ढोक के पीछे छुप गया । लेफ्टिनेंट गौरव सिंह रेंगकर पत्थरों के एक ढेर के पीछे पहुंचे तथा गोलीबारी का जवाब दिया जिससे आतंकवादी घायल हो गया । फिर यह आतंकवादी ढोक के दूसरी ओर पहुंचा तथा पाया कि आतंकवादी अभी जिंदा था तथा उनपर गोली चलाने का प्रयास कर रहा था । लेफ्टिनैंट गौरव सिंह ने तुरंत गोली चलाकर उसे मार गिराया । यह भांपते हुए कि अन्य ढोकों में भी आतंकवादी हैं अन्य ढोकों की तरफ दौड़े तथा वहीं दो अन्य आतंकवादियों को देखा जो कि घेराबंदी टुकड़ी पर गोलीबारी कर रहे थे।

लेफ्टिनेंट गौरव सिंह ने उनपर गोलीबारी शुरू कर दी तथा चेहरे पर गोलियों की अचूक बौछार करके दूसरे आतंकवादी का सफाया कर दिया । अचानक इन अफसर ने महसूस किया कि उनके हथियार में गोलियां खत्म हो गई थीं । वे बिजली की फुर्ती से आड़ में हो गए तथा मैगजीन बदल ली तथा गोलियों की बौछार करके तीसरे आतंकवादी को घायल कर दिया । इस कार्रवाई के दौरान लेफ्टिनेंट गौरव सिंह की बाईं कलाई घायल हो गई । परंतु अपने घाव की बिल्कुल परवाह किए बिना लेफ्टिनेंट गौरव सिंह रेंगकर आगे बढ़े और आतंकवादी से भिड़ गए तथा उसे मौत के घाट उतार दिया ।

लेफ्टिनेंट गौरव सिंह ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में असाधारण शौर्य, अनुकरणीय पहल तथा नेतृत्व का

प्रदर्शन किया ।

21. **कैप्टन राजेश शर्मा, एन एस जी**

(पुरस्कार की प्रभावी तारीख : 25 सितंबर, 2002)

24 सितंबर, 2002 के दिन दो सशस्त्र आतंकवादी गुजरात में गांधीनगर स्थित अक्षरधाम स्वामी नारायण मंदिर में घुस गए और अंधाधुंध गोलीबारी करने लगे । इन आतंकवादियों ने 30 लोगों को मार डाला और मंदिर परिसर में उपस्थित अन्य 100 से भी अधिक व्यक्तियों को घायल कर दिया ।

इस स्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड का विशेष कार्य बल विमान से भेजा गया । कैप्टन राजेश शर्मा को मुख्य परिसर से बाहर खुले स्थान में मौजूद दो आतंकवादियों का पता लगाने तथा उन्हें निष्क्रिय करने का कार्य सौंपा गया । आतंकवादियों की ओर से बराबर गोलीबारी होने तथा आड़ न होने के बावजूद अपनी टुकड़ी का आगे रहकर नेतृत्व करते हुए यह युवा अफसर आगे बढ़ता रहा । इन्होंने व्यक्तिगत सुरक्षा की बिल्कुल भी परवाह किए बिना आतंकवादियों पर दबाव बनाकर उन्हें घेरे रखा । अंततः इन्होंने आतंकवादियों की स्थिति का सही-सही पता लगा लिया तथा आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए आगे बढ़ रहे सूबेदार सुरेश चंद यादव को गोलीबारी की आड़ दी । दूसरे आतंकवादी की गोली कैप्टन शर्मा के बाएं कंधे को झुलसाती हुई निकल गई । फिर भी ये अपने मिशन से पीछे नहीं हटे तथा आगे की ओर बढ़ते ही रहे । अंतिम कार्रवाई में इन्होंने दूसरे आतंकवादी का पता लगाकर उसे निष्क्रय कर दिया ।

कैप्टन राजेश शर्मा ने आतंकवादियों के साथ लड़ाई में अनुकरणीय तुरत बुद्धि, परिपक्व निर्णय क्षमता का परिचय दिया तथा उच्च दर्जे के शौर्य का प्रदर्शन किया ।

वरुण मित्रा

(वरूण मित्रा)
निदेशक

संख्या 7/1/2001-आई.एस.सी.

गृह मंत्रालय
(अन्तर्राज्य परिषद् सचिवालय)

नई दिल्ली, दिनांक 12 मार्च, 2003

इस सचिवालय की अधिसूचना संख्या 7/1/2001-आई.एस.सी. दिनांक 27 सितम्बर, 2002 का आंशिक संशोधन करते हुए प्रधान मंत्री ने श्री अरूण जेटली, विधि एवं न्याय मंत्री तथा वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री को श्री के0जना कृष्णामूर्ति, पूर्व विधि एवं न्याय मंत्री के स्थान पर अन्तर्राज्य परिषद के आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनीत किया है।

2. निम्नलिखित केन्द्रीय मंत्री परिषद के सदस्य एतद्पश्चात अन्तर्राज्य परिषद के सदस्य और स्थायी आमंत्रित सदस्य होंगे:-

सदस्य

1.	श्री एल.के. अडवाणी	उप- प्रधान मंत्री
2.	श्री जार्ज फर्नांडीज	रक्षा मंत्री
3.	श्री जसवन्त सिंह	वित्त और कम्पनी कार्य मंत्री
4.	श्री यशवन्त सिन्हा	विदेश मंत्री
5.	श्री मुरासोली मारन	बिना किसी विभाग के मंत्री
6.	श्री अनन्त गंगाराम गीते	विद्युत मंत्री

स्थायी आमंत्रित सदस्य

1.	डा. मुरली मनोहर जोशी	मानव संसाधन विकास मंत्री, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री और महासागर विकास मंत्री
2.	श्री अरूण जेटली	विधि एवं न्याय मंत्री और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(अशोक कुमार रस्तोगी)
सचिव
अन्तर्राज्य परिषद

खान मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 6 मार्च 2003

संकल्प

संख्या 35/1/2002-M-III ..... नागपुर में दिनांक 24.05.2000 को सम्पन्न हुई भारतीय खान ब्यूरो, सलाहकार बोर्ड की 12वीं बैठक में बोर्ड के सदस्यों ने सुझाव दिया कि खनन उद्योग के वर्तमान परिदृश्य के अन्तर्गत भारतीय खान ब्यूरो के कार्यों के चार्टर को आशोधित किया जाए। भारतीय खान ब्यूरो सलाहकार बोर्ड की नागपुर में दिनांक 4.9.2002 को सम्पन्न हुई 13वीं बैठक में इस मुद्दे पर पुनः गहराई से विचार विमर्श किया गया तथा बोर्ड के अध्यक्ष एवं सचिव (खान) ने सदस्यों से निवेदन किया कि वे अपने सुझाव दें ताकि खनन उद्योग के वर्तमान परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो प्रभावी ढंग से कार्य कर सके।

सरकार ने भारतीय खान ब्यूरो सलाहकार बोर्ड के सदस्यों के सुझावों पर विचार किया तथा निर्णय लिया कि खनन उद्योग के बदलते परिदृश्य में भारतीय खान ब्यूरो को खनन/खनिज उद्योग तथा राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। अतः पूर्व के सभी संकल्पों का अधिक्रमण करते हुए भारतीय खान ब्यूरो के कार्यों का चार्टर निम्नानुसार होगा।

भारतीय खान ब्यूरो के कार्यों का चार्टर -

(1.) देश के खनिज संसाधनों (अधिसूचित एवं अधिसूचित) का व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विकास के साथ उन्नयन।

(2.) खनिजों के संरक्षण तथा खान पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर खनन योजनाओं, परियोजनाओं एवं उचित भूमि उपयोग हेतु खानों को व्यवस्थित रूप से बंद करने संबंधी योजनाओं का अनुमोदन।

(3.) गवेषण, पूर्वेक्षण, खानों एवं खनिजों के डाटा बेस का संग्रहण, मिलान तथा रख-रखाव और खनन उद्योग की समस्याओं तथा प्रत्याशाओं के बारे में प्रकाशनों एवं बुलेटिनों को जारी करना।

(4.) क्षेत्रीय आधार पर पर्यावरणात्मक मूल्यांकन अध्ययनों द्वारा पर्यावरण पर खनन के दुष्प्रभाव को कम करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाना।

(5.) खनिजों एवं अयस्कों के विश्लेषण को शामिल करते हुए खनन, भूविज्ञान एवं खनिज प्रसाधनों तथा पर्यावरणात्मक पहलुओं पर तकनीकी - आर्थिक अध्ययन के साथ-साथ इन क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास कार्यों को संचालित करना।

(6.) खनन, भूविज्ञान, खनिज प्रसाधन तथा पर्यावरण के क्षेत्र में देश और विदेश में उन्नयन की दृष्टि से परामर्शीय सेवाएँ प्रदान करना।

(7.) विभाग के वैज्ञानिक, तकनीकी तथा अन्य श्रेणीगत पदस्थ और खनन उद्योग से जुड़े हुए एवं अन्य एजेंसियों के व्यक्तियों को मानव संसाधन विकास की दृष्टि से प्रशिक्षण प्रदान करना।

(8.) सरकार को खनिज उद्योग से संबंधित पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण, आयात-निर्यात नीतियों, व्यापार, खनिज विधान, वित्तीय प्रोत्साहन मामलों पर सलाह देना।

(9.) खनिज संरक्षण एवं निक्षेपों का व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक विकास, खनन भूमि की पुनः स्थापना एवं उसे मूल रूप में वापस लाना तथा पुनर्वास सहित पर्यावरण की सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना।

(10.) खनन क्षेत्रों में सामुदायिक विकास कार्यकलापों की मॉनीटरिंग तथा उन्नयन ।

(11.) भूविज्ञान, खनन, खनिज सज्जीकरण तथा पर्यावरण के क्षेत्र में हुए विकास के मद्देनजर आवश्यकतानुसार अन्य कार्यकलापों को करना।

आदेश

आदेशित है कि यह संकल्प सभी राज्य सरकारों को तथा केन्द्र सरकार के केन्द्रीय मंत्रालयों, प्रधान मंत्री के कार्यालय, मंत्रीमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, योजना आयोग, भारत के नियंत्रक और महालेखापरीक्षक, भारतीय खान ब्यूरो, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण एवं परमाणु ऊर्जा विभाग को संसूचित किया जाए।

यह भी आदेशित है कि इस संकल्प को सार्वजनिक सूचना हेतु भारतीय राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

का. प्र. मिश्रा
(का. प्र. मिश्रा)

उपसचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 27 फरवरी 2003

संकल्प

संख्या ई- 11016/1/2002-रा.भा.नी. श्रम मंत्रालय की हिन्दी सलाहकार समिति के पुनर्गठन विषयक दिनांक 15 नवम्बर 2002 के समसंख्यक संकल्प में **गैर सरकारी सदस्य** शीर्षक के अंतर्गत क्रमांक 20 के अंतर्गत की गई प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी :-

20. श्री रामदास आप्टे, संसद सदस्य (राज्य सभा)	संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा नामित

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस प्रस्ताव की एक-एक प्रति राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, प्रधान मंत्री सचिवालय, मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राजस्व तथा भारत सरकार के सभी मंत्रालय तथा विभागों एवं श्रम मंत्रालय के सभी कार्यालयों जिनमें स्वायत्त तथा अर्द्ध- स्वायत्त निकाय भी शामिल हैं, को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत सरकार के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

डी.एस. पूनिया

(डी.एस. पूनिया)
संयुक्त सचिव.

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 26th January, 2003

No. 31 -Pres/2003 - The President is pleased to approve the award of the **"Param Vishisht Seva Medal"** to the undermentioned personnel for distinguished service of the most exceptional order:-

1. IC-15201 LIEUTENANT GENERAL TEJINDER JIT SINGH GILL, ARMY ORDNANCE CORPS
2. IC-15464 LIEUTENANT GENERAL ANANTHANARAYAN NATARAJAN, AVSM VSM, ARTILLERY
3. IC-15025 LIEUTENANT GENERAL PRAKASH SURI ENGINEERS
4. IC-15403 LIEUTENANT GENERAL DHARAM PARKASH SEHGAL, AVSM, VSM ADC, SIGNALS
